# Surgical Strike Day Celebration at IUD - Sept 29, 2018

शाह टाइम्स

देहरादून /

## सर्जिकल स्ट्राइक डे: इक्फाई विवि में सैनिकों के बलिदान को किया याद

### सेवानिवृत अफसरों व सैनिकों को किया सम्मानित

▸▸ सैनिक देश के राष्ट्रीय नायक: ब्रिगेडियर सेठी



शाह टाइम्स संवाददाता

सेलाकुई। इक्फाई विश्वविद्यालय, में सर्जिकल स्ट्राइक डे पर देश के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदान को याद किया गया। विश्वविद्यालय में देश सेवा के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त अफसरों एवं सैनिकों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त ब्रिगेडिर राजीव सेठी ने कहा कि हमारे देश की सेना का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। कहा आज हमारे युवा तनावपूर्ण जीवन शैली के चलते अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना में अनुशासन व दृढ़ संकल्प सिखाया जाता है इस लिए युवाओं को देश रक्षा के जजबे के साथ सेना में शामिल होना चाहिए। ब्रिगेडिर सेठी ने कहा कि हमारे सैनिक हमारे राष्ट्रीय नायक हैं जो देश रक्षा और हमें सुरक्षित रखने के लिए अपनी जान की परवाह तक नहीं करते हैं।

उन्होंने कहा कि सभी देशवा. सियों को भारतीय सेना पर गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम समन्वयक डाक्टर अमित दास ने कहा कि सेना हमारे देश का गौरव है जो हां देश की सीमाओं की रक्षा कर प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा करती है ऐसे में उनका सम्मान सबसे ऊपर है। इस दौरान ब्रिगेडियर सेठी, विश्वविद्यालय के कुलपति डा. पवन के अग्रवाल, प्रो. कुलगुरू डा. मुदु विनय ने देश सेवा के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त अफसरों एवं सैनिकों को सम्मानित किया।

### इनको मिला सम्मान

आनेनरी सुबेदार मेजर गौर एस रावत 7 गढ़वाल राइफल, मानद सूबेदार मेजर धर्म सिंह 5 गढवाल राइफल, सूबेदार शमशेर बहादुर थापा 5 बख्तरबंद रेजिमेंट, सुबेदार कमल एस चौहान 14 महार रेजिमेंट, सुबेदार बीबी थापा बख्तरबंद कोर रिकार्ड्स, हवलदार संजीव बिष्ट 5 गढ़वाल राइफल, नायक मदन एस गुरुंग 6/8 गोरखा रेजिमेंट, नायक मन बहादुर थापा फस्ट पैरा रेजिमेंट, प्रेम बहादुर थापा 4/1 गोरखा रेजिमेंट शामिल रहे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पूर्व सैनिकों का सम्मान

Hindustan

सेलाकुई | हमारे संवाददाता

इक्फाई विश्वविद्यालय राजावाला सेलाकुई में सर्जिकल स्ट्राइक डे पर देश के सशस्त्र बलों के बलिदान को याद किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त ब्रिगेडिर राजीव सेठी ने कहा कि हमारे देश की सेना का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। कहा कि सर्जिकल स्टाइक के दौरान हमारे कमांडो व सैनिकों ने दुस्मनों के न सिर्फ छक्के छुड़ाये बल्कि देश के शहीद सैनिकों का बदला लेकर दुस्मन को ईंट का जवाब पत्थर से दिया। इस मौके पर देश सेवा के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सेवानिवृत सैन्य अधिकारियों व सैनिकों को सम्मानित किया गया। सर्जिकल स्ट्राइक डे कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि से.नि. ब्रिगेडियार राजीव सेठी ने अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में ब्रिगेडियर सेठी, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पवन के अग्रवाल, प्रो. कुलगुरू, डॉ. मुदु विनय ने देश सेवा के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त अफसरों एवं सैनिकों को सम्मानित किया। सम्मानित किये जाने वाले अधिकारी व सैनिकों में सूबेदार मेजर गौर एस रावत, सूबेदार मेजर धर्म सिंह, सूबेदार शमशेर बहादुर थापा, सूबेदार कमलसिंह चौहान, सूबेदार बीबी थापा, हवलदार संजीव बिष्ट, नायक मदन एस गुरुंग, नायक मन बहादुर थापा, प्रेम बहादुर थापा शामिल रहे।

Himachal Times

# इक्फाई विश्वविद्यालय में सैनिकों के बलिदान को किया याद

देहरादून। इक्फाई विश्वविद्यालय, में सर्जिकल स्ट्राइक डे पर देश के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त ब्रिगेडिर राजीव सेठी ने कहा कि हमारे देश की सेना का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। ब्रिगेडिर राजीव सेठी ने सेना में अपनी सेवाएं देने के साथ कैबिनेट सचिवालय में भी तैनात रहे। वह एक अनुभवी पायलट का भी रहै। उन्होंने बेहद मुश्किल इलाकों में हेलीकॉप्टर लैंड कर कइ मिशन की सफलता में योगदान दिया है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रह चुके ब्रिगेडिर सेठी ने जम्मू-कश्मीर के आतंक प्रभावित क्षेत्र में अपनी रेजीमेंट का सफलतापूर्वक संचालन किया।

सम्मान पाने वाले वालों में आनेनरी सूबेदार मेजर गौर एस रावत 7 गढ़वाल राइफल, मानद सूबेदार मेजर धर्म सिंह 5 गढ़वाल राइफल, सूबेदार शमशेर बहादुर थापा 5 बख्तरबंद रेजिमेंट, सुबेदार कमल एस चौहान 14 महार रेजिमेंट, सुबेदार बीबी थापा बख्तरबंद कोर रिकॉर्ड्स, हवलदार संजीव बिष्ट 5 गढ़वाल राइफल, नायक मदन एस गुरुंग 6ध्8 गोरखा रेजिमेंट, नायक मन बहादुर थापा फस्ट पैरा रेजिमेंट, प्रेम बहादुर थापा 4ध्1 गोरखा रेजिमेंट शामिल रहे।

कार्यक्रम में समन्वयक डॉ अमित दास, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पवन के अग्रवाल, प्रो. कुलगुरू डॉ मुदु विनय सहित विश्वविद्यालय के स्टॉफएवं छात्र मौजूद थे।

# इक्फाई ने सैनिकों को किया सम्मानित

Dainik Jagran

**संवाद सहयोगी, विकासनगर:** इक्फाई विश्वविद्यालय में सर्जिकल स्ट्राइक-डे पर देश के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर राजीव सेठी ने कहा कि हमारे देश की सेना का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। कहा कि आज हमारे युवा तनावपूर्ण जीवन शैली के चलते अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। सेना में अनुशासन व दृढ़ संकल्प सिखाया जाता है। इसलिए युवाओं को देश रक्षा के जज्बे के साथ सेना में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि हम बच्चों को सेना एवं सशस्त्र बलों के बारे में जानकारी दें और उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में देश सेवा के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त अफसरों एवं सैनिकों को सम्मानित भी किया।

इक्फाई विश्वविद्यालय में सर्जिकल स्ट्राइक-डे पर सेवानिवृत्त अफसरों एवं सैनिकों को किया गया सम्मानित

# देश के सशस्त्र बलों का इतिहास बेहद गौरवशालीः सेठी

भास्कर समाचार सेवा

**देहरादून।** इक्फाई विश्वविद्यालय में सर्जिकल स्ट्राइक डे पर देश के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त ब्रिगेडिर राजीव सेठी ने कहा कि देश की सेना का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। इस अवसर पर देश सेवा के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त अफसरों एवं सैनिकों को विश्वविद्यालय द्वारा सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को आयोजित इस




समारोह में उपस्थित सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर राजीव सेठी व अन्य।

कार्यक्रम के दौरान ब्रिगेडिर राजीव सेठी ने कहा कि आज युवा तनावपूर्ण जीवन शैली के चलते अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। कहा कि सेना में अनुशासन व दृढ़ संकल्प सिखाया जाता है, इसलिए युवाओं को देश रक्षा के के साथ सेना में शामिल होना चाहिए। जरूरी है कि बच्चों को सेना एवं सशस्त्र बलों के बारे में जानकारी दें और उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करें। कहा कि सभी देशवासियों को भारतीय सेना पर गर्व करना चाहिए। ब्रिगेडियर राजीव सेठी सेना में अपनी सेवाएं देने के साथ कैबिनेट सचिवालय में भी तैनात रहे। वह एक अनुभवी पायलट होने के साथ ही राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रह चुके हैं। ब्रिगेडिर सेठी ने जम्मू-कश्मीर के आतंक प्रभावित क्षेत्र में अपनी रेजीमेंट का सफलतापूर्वक संचालन किया। सम्मान पाने वाले वालों में सुबेदार बीबी थापा, नायक मदन एस गुरुंग, नायक मन बहादुर थापा आदि शामिल थे।

Activate Windows

Amar Ujala

# देश की रक्षा करने वाली सेना का सम्मान सबसे ऊपर : सेठी

## इक्फाई विवि में सर्जिकल स्ट्राइक डे पर सैनिकों के बलिदान को किया याद

अमर उजाला ब्यूरो

**सेलाकुई।** इक्फाई विश्वविद्यालय में सर्जिकल स्ट्राइक डे पर देश के सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदान को याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त ब्रिगेडिर राजीव सेठी ने कहा कि हमारे देश की सेना का इतिहास बेहद गौरवशाली रहा है। कार्यक्रम में समन्वयक डॉ. अमित दास ने कहा कि सेना हमारे देश का गौरव है। जो देश की सीमाओं की रक्षा कर प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा करती है, ऐसे में उनका सम्मान सबसे ऊपर है।



शौर्य दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण। अमर उजाला

आयोजित कार्यक्रम में ब्रिगेडिर राजीव सेठी ने कहा कि आज हमारे युवा तनावपूर्ण जीवन शैली के चलते अपनी ऊर्जा का सही इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेना में अनुशासन व दृढ़ संकल्प सिखाया जाता है, इसलिए युवाओं को देश रक्षा के जजबे के साथ सेना में शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि हम बच्चों को सेना एवं सशस्त्र बलों के बारे में जानकारी दें। उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रेरित करें। ब्रिगेडिर सेठी ने कहा कि हमारे सैनिक हमारे राष्ट्रीय नायक हैं, जो देश की रक्षा कर हमें सुरक्षित रखने के लिए अपनी जान की परवाह तक नहीं करते हैं।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पवन के अग्रवाल, प्रो. कुलगुरु, डॉ. मृदु विनय ने देश सेवा के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त अफसरों एवं सैनिकों को सम्मानित किया। सम्मान पाने वाले वालों में आनेनरी सूबेदार मेजर गौर एस रावत 7 गढ़वाल राइफल, सूबेदार मेजर धर्म सिंह 5 गढ़वाल राइफल, सूबेदार शमशेर बहादुर थापा 5 बख्तरबंद रेजिमेंट, सूबेदार कमल एस चौहान 14 महार रेजिमेंट, सूबेदार बीबी थापा बख्तरबंद कोर रिकॉर्ड्स, हवलदार संजीव बिष्ट 5 गढ़वाल राइफल, नायक मदन एस गुरुंग 6/8 गोरखा रेजिमेंट, नायक मन बहादुर थापा फस्ट पैरा रेजिमेंट, प्रेम बहादुर थापा 4/1 गोरखा रेजिमेंट शामिल रहे।